# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स स्कूल

**एडजेसेंट नवनीति अपार्टमेंट, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: २०२४ -२५**

**कक्षा:-तीन** **विषय:हिंदी** **पाठ:-२(तेनालीराम की चतुराई)**

## 1. कठिन शब्द

**१. अशर्फ़ी**

**२. उलझन**

**३. एकदम**

**४. क्रोध**

**५. आज्ञा**

**६. उल्लंघन**

**७. शत्रु**

**८. प्रत्येक**

**९. पावन**

**१०. अंकित**

**११. स्वयं**

**१२. चतुराई**

**2.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

**प्रश्न १. अशर्फियांँ खर्च करने के लिए राजा ने क्या शर्त रखी ?**

**उत्तर - अशर्फियाँ खर्च करने के लिए राजा ने यह शर्त रखी कि हर एक अशर्फ़ी को खर्च करने से पहले उनका मुहँ देखना होगा।**

**प्रश्न २. अशर्फ़ियों से तेनालीराम ने क्या - क्या खरीदा ?**

**उत्तर - अशर्फ़ियों से तेनालीराम ने नए कपड़े, नई पगड़ी और मोतियों की माला खरीदी।**

**प्रश्न ३. दरबारी क्यों हक्के - बक्के रह गए ?**

**उत्तर - तेनालीराम की चतुराई देखकर दरबारी हक्के -बक्के रह गए ।**

**प्रश्न ४. इस कहानी से क्या सीख मिलती है ?**

**उत्तर - इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि हम अपनी समझदारी और चतुराई से किसी भी समस्या का हल आसानी से निकाल सकते हैं ।**

**3 वाक्य प्रयोग**

**क) अशर्फ़ी - सोने का सिक्का**

**वाक्य - किसान को खेत खोदते समय अशर्फ़ियों से भरा एक घड़ा मिला ।**

**ख) आज्ञा - आदेश**

**वाक्य - सभी दरबारियों ने राजा की आज्ञा का पालन किया।**

**ग) शत्रु - दुश्मन**

**वाक्य - हमें अपने शत्रु से सावधान रहना चाहिए ।**

**घ) प्रत्येक - हर एक**

**वाक्य - राजा ने प्रत्येक दरबारी को दस-दस अशर्फ़ियाँ खर्च करने के लिए दी ।**